# CBSE Class 12 Economics Important Questions Chapter 6 खुली अर्थव्यवस्था: समष्टि अर्थशास्त्र

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
बंद अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
वह अर्थव्यवस्था जिसका अन्य किसी देश से कोई व्यापार या परिसम्पत्तियों का लेन - देन नहीं होता है, बंद अर्थव्यवस्था होती है।

प्रश्न 2.
निवेश का तात्पर्य समझाइए।
उत्तर:
अर्थव्यवस्था में किसी समयावधि में पूँजीगत पदार्थों में वृद्धि को निवेश कहा जाता है।

प्रश्न 3.
व्यापार आधिक्य क्या है?
उत्तर:
विदेशी व्यापार में जब निर्यातों का मूल्य आयातों से अधिक होता है।

प्रश्न 4.
अदायगी संतुलन को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
किसी देश के अन्य देशों के साथ लेन - देन का लेखा अथवा विवरण।

प्रश्न 5.
एक अमेरिकी डॉलर की कीमत भारतीय रुपये में 50 से गिरकर 48 हो जाती है, तो इसे भारतीय रुपये का कहा जायेगा। (अवमूल्यन / पुनर्मूल्यन)
उत्तर:
पुनर्मूल्यन।

प्रश्न 6.
विदेशी विनिमय आपूर्ति के दो स्रोत बताइये।
उत्तर:
विदेशी विनिमय आपूर्ति:

1. विदेशों से अनुदान प्राप्ति।
2. विदेशों से ऋणों की प्राप्ति।

प्रश्न 7.
विदेशी विनिमय की मांग के दो स्रोत बताइये।
उत्तर:
विदेशी विनिमय की मांग:

1. विदेशों से वस्तुओं एवं सेवाओं का आयात।
2. अन्तर्राष्ट्रीय सौदों हेतु भुगतान।

प्रश्न 8.
व्यापार संतुलन (शेष) क्या है?
अथवा
व्यापार शेष से आप क्या समझते हैं?
अथवा
वस्तुओं के निर्यातों और आयातों के मूल्य के बीच अन्तर को क्या कहते हैं?
उत्तर:
वस्तुओं के निर्यातों एवं आयातों के मूल्य के बीच का अन्तर व्यापार शेष कहलाता है।

प्रश्न 9.
कौन - से लेन - देन व्यापार शेष को निर्धारित करते हैं?
अथवा
व्यापार शेष खाते में शामिल मदों के नाम बताइए।
उत्तर:
व्यापार शेष खाते में शामिल मदों:

1. वस्तुओं एवं सेवाओं के आयात।
2. वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात।

प्रश्न 10.
व्यापार शेष में आधिक्य कब होगा?
उत्तर:
जब निर्यातों का मूल्य आयातों से अधिक होता है।

प्रश्न 11.
व्यापार शेष का घाटा क्या प्रकट करता
उत्तर:
व्यापार शेष का घाटा निर्यातों पर आयातों की अधिकता को प्रकट करता है।

प्रश्न 12.
जब दो देशों के मध्य वस्तुओं तथा सेवाओं का क्रय - विक्रय किया जाता है तो उसे क्या कहा जाता
उत्तर:
विदेशी व्यापार।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 13.
जब हम किसी अन्य देश से वस्तुओं को क्रय करते हैं तो उसे क्या कहा जाता है?
उत्तर:
आयात।

प्रश्न 14.
जब हम किसी अन्य देश को वस्तुओं एवं सेवाओं का विक्रय करते हैं तो उसे क्या कहा जाता
उत्तर:
निर्यात।

प्रश्न 15.
किसी देश के निवासियों और शेष विश्व के बीच वस्तुओं, सेवाओं और परिसम्पत्तियों के लेन-देन के विवरण को किसमें दर्ज किया जाता है?
उत्तर:
अदायगी सन्तुलन अथवा भुगतान सन्तुलन।

प्रश्न 16.
चालू खाते में दर्शाई जाने वाली किन्हीं दो मदों के नाम बताइए।
उत्तर:
चालू खाते में दर्शाई जाने वाली किन्हीं दो मदों:

1. वस्तुओं एवं सेवाओं का आयात - निर्यात
2. अन्तरण अदायगी।

प्रश्न 17.
सेवाओं का व्यापार किस प्रकार का व्यापार कहलाता है?
उत्तर:
अदृश्य व्यापार।

प्रश्न 18.
वस्तुओं का व्यापार किस प्रकार का व्यापार कहलाता है?
उत्तर:
दृश्य व्यापार।

प्रश्न 19.
विदेशों से ऐसी प्राप्तियाँ जो किसी देश के निवासियों को नि:शुल्क प्राप्त होती हैं, क्या कहलाती
उत्तर:
अंतरण अदायगी।

प्रश्न 20.
वस्तुओं के निर्यात और आयात के सन्तुलन को क्या कहा जाता है?
उत्तर:
व्यापार सन्तुलन।

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
विदेशी व्यापार आधिक्य एवं व्यापार घाटे में अन्तर समझाइए।
उत्तर:
जब देश के निर्यात, आयातों से अधिक होते हैं तो व्यापार आधिक्य एवं निर्यात, आयातों से कम होते हैं तो व्यापार घाटे की स्थिति होगी।

प्रश्न 2.
विदेशी विनिमय बाजार का अर्थ समझाइए। इस बाजार के कोई दो प्रतिभागियों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
विदेशी विनिमय बाजार वह बाजार है जहाँ राष्ट्रीय करेंसियों का एक - दूसरे के लिए व्यापार होता है। इसके मुख्य प्रतिभागी व्यावसायिक बैंक, विदेशी विनिमय दलाल तथा मुद्रा प्राधिकारी होते हैं।

प्रश्न 3.
विनिमय दर की परिभाषा दें।
अथवा
विदेशी विनिमय दर से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
विनिमय दर अथवा विदेशी विनिमय दर से हमारा अभिप्राय उस दर से है, जिसके आधार पर एक देश की मुद्रा दूसरे देश की मुद्रा में परिवर्तित की जाती है।

प्रश्न 4.
स्थिर विनिमय दर प्रणाली से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
स्थिर विनिमय दर प्रणाली विनिमय दर की वह प्रणाली है जिसमें विनिमय दर देश की केन्द्रीय सत्ता अथवा सरकार अथवा केन्द्रीय बैंक द्वारा निर्धारित की जाती

प्रश्न 5.
लोचशील विनिमय दर किसे कहते हैं?
उत्तर:
लोचशील विनिमय दर वह दर होती है जो विदेशी विनिमय बाजार में मुद्रा की माँग एवं पूर्ति के अनुसार स्वतंत्र रूप से निर्धारित होती है।

प्रश्न 6.
भुगतान शेष से क्या अभिप्राय है?
अथवा
भुगतान संतुलन खाते से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
भुगतान संतुलन में किसी देश तथा शेष विश्व के बीच वस्तुओं, सेवाओं और परिसम्पत्तियों के लेन - देन का विवरण दर्ज होता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 7.
व्यापार खाते का शेष अनुकूल कब होगा?
उत्तर:
किसी देश के व्यापार खाते का शेष अनुकूल तब होगा जब उसके निर्यातों का मूल्य, आयातों के मूल्य से अधिक होगा।

प्रश्न 8.
व्यापार संतुलन एवं भुगतान संतुलन में क्या अन्तर है?
उत्तर:
व्यापार संतुलन में केवल आयातों एवं निर्यातों को शामिल किया जाता है, जबकि भुगतान संतुलन में सभी आर्थिक लेन - देनों को शामिल किया जाता है।

प्रश्न 9.
बन्द अर्थव्यवस्था से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
एक अर्थव्यवस्था को तब बन्द अर्थव्यवस्था कहते हैं जब उसका अन्य किसी देश से कोई व्यापार अथवा परिसम्पत्तियों का लेन-देन नहीं होता है।

प्रश्न 10.
एक देश का व्यापार शेष (+) 100 करोड़ रुपये तथा वस्तुओं का निर्यात मूल्य 175 करोड़ रुपये है। वस्तुओं का आयात मूल्य ज्ञात करें।
उत्तर:
व्यापार शेष = निर्यातों का मूल्य - आयातों का मूल्य
100 = 175 - आयातों का मूल्य
आयातों का मूल्य = 175 - 100 = 75 करोड़ रुपये।

प्रश्न 11.
एक देश का व्यापार शेष (+) 75 करोड़ रुपये है। वस्तुओं का आयात मूल्य 100 करोड़ रुपये है। वस्तुओं का निर्यात मूल्य क्या होगा?
उत्तर:
व्यापार शेष = निर्यातों का मूल्य - आयातों का मूल्य
75 = निर्यातों का मूल्य - 100
निर्यातों का मूल्य = 100 + 75 = 175 करोड़ रुपये

प्रश्न 12.
एक देश का व्यापार शेष (-) 50 करोड़ है। वस्तुओं का आयात मूल्य 200
करोड़ रु. है। वस्तुओं का निर्यात मूल्य क्या होगा?
उत्तर:
व्यापार शेष = निर्यातों का मूल्य - आयातों का मूल्य
(-) 50 = निर्यातों का मूल्य - 200
निर्यातों का मूल्य = 200 - 50 = 150 करोड़ रुपये

प्रश्न 13.
अदृश्य लेखा शेष की परिभाषा लिखिए।
उत्तर:
अदृश्य लेखा शेष का तात्पर्य किसी देश में सेवाओं के निर्यात एवं सेवाओं के आयातों के मूल्यों के अन्तर से है।

प्रश्न 14.
आयात - निर्यात का अर्थ बताइए।
उत्तर:
किसी देश द्वारा अन्य देश को वस्तुएँ एवं सेवाएं बेचना निर्यात एवं अन्य देशों से वस्तुएँ एवं सेवाएँ खरीदना आयात कहलाता है।

प्रश्न 15.
खुली अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?
उत्तर:
खुली अर्थव्यवस्था एक ऐसी अर्थव्यवस्था है, जिसमें अन्य राष्ट्रों के साथ वस्तुओं, सेवाओं तथा वित्तीय परिसम्पत्तियों का व्यापार किया जाता है।

प्रश्न 16.
विदेशी मुद्रा बाजार में कौन - कौन भाग लेते हैं?
उत्तर:
विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापारिक बैंक, विदेशी विनिमय, दलाल तथा अन्य अधिकृत व्यापारी और मौद्रिक अधिकारी भाग लेते हैं।

प्रश्न 17.
स्थिर विनिमय दर प्रणाली के कोई दो महत्त्व बताइये।
उत्तर:

1. स्थिर विनिमय दरों में विदेशी मुद्रा बाजार में सट्टे की प्रवृत्ति नहीं पाई जाती है।
2. इनमें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलता

प्रश्न 18.
एक अर्थव्यवस्था को खोलने से प्राप्त होने वाला कोई एक लाभ बताइए।
उत्तर:
इससे निवेशकों को घरेलू एवं विदेशी परिसम्पत्तियों के बीच चयन का अवसर प्राप्त होता है, जिससे वित्तीय बाजार सहलग्नता का निर्माण होता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 19.
खुली अर्थव्यवस्था एवं बन्द अर्थव्यवस्था में एक अन्तर बताइए।
उत्तर:
खुली अर्थव्यवस्था में शेष विश्व के साथ आर्थिक सम्बन्ध पाए जाते हैं, जबकि बन्द अर्थव्यवस्था में दूसरे देशों के साथ कोई आर्थिक सम्बन्ध नहीं पाए जाते

प्रश्न 20.
भुगतान सन्तुलन की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
उत्तर:

1. इसमें सभी दृश्य, अदृश्य एवं पूँजी अन्तरण की मदें शामिल की जाती हैं।।
2. इसमें दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर भुगतान व प्राप्तियों को लेखाबद्ध किया जाता है।

प्रश्न 21.
स्थिर विनिमय दरों के पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए।
उत्तर:

1. स्थिर विनिमय दर से अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि होती है।
2. स्थिर विनिमय दर से अन्तर्राष्ट्रीय पूँजी को प्रोत्साहन मिलता है।

प्रश्न 22.
परिवर्तनशील विनिमय दरों के पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए।
उत्तर:

1. इन दरों से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विनिमय दरों में साम्य बनाना अधिक आसान है।
2. इन दरों से सट्टे की प्रवृत्तियों पर रोक लगती

प्रश्न 23.
भुगतान सन्तुलन से आपका क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
अदायगी सन्तुलन अथवा भुगतान सन्तुलन में किसी एक देश के निवासियों तथा शेष विश्व के बीच वस्तुओं, सेवाओं तथा परिसम्पत्तियों के लेन-देन का विवरण दर्ज होता है।